## खबर संक्षेप

### बुधनवारा कोशमपानी मैं चल रही है श्रीमद् भागवत कथा



**भुआबिछिया।** जनपद पंचायत बिछिया के ग्राम पंचायत कोशम पानी, बुधनवारा में स्व. पंचम कार्तिकेय की स्मृति में श्रीमद देवी भागवत पुराण प्रसिद्ध कथावाचक फूलचंद तिवारी के मुखारविंद से चल रहा है जिसमें सैंकड़ों की संख्या में ग्राम सहित आसपास से भक्तजन श्रोता कथा श्रवण कर रहे हैं आज बिछिया से पूर्व जनपद अध्यक्ष जोश सिंह ठाकुर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप गोस्वामी जिला कांग्रेस महामंत्री अशोक राजपूत समाजसेवी दादा भाई विश्वकर्मा झुन्ना ठाकुर सहित बड़ी संख्या में श्रध्दालु कथा का रसपान करने पहुंचे सभी लोगों ने पुरानवाचक फूलचंद तिवारी का व्यास पीठ में शाल श्रीफल से सम्मानित किया।

### शासकीय परिसर में गंदगी करने पर कार्यवाही

**मण्डला।** जिला योजना भवन के परिसर में आज नवीन ट्रेवल्स बस को शासकीय परिसर में गंदगी करते हुए पाया गया, जिसके बाद कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बस को जब्त कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बस क्रमांक सीजी 07 सीडब्ल्यू 9909 को बस के क्लीनर द्वारा जिला योजना भवन के सामने स्थित हेंडपंप के पानी से धुलाई करते हुए पाया गया। इस पर कलेक्टर ने निर्देशित किया कि तत्काल बस जप्ती की कार्यवाही करें। बस को जप्त कर थाना कोतवाली मंडला के सुपुर्द कर दिया गया है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजेंद्र कुमार सिंह एसडीएम सोनल सिडाम सहित संबंधित उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री विवाह/निकाह सामूहिक कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया

# मंत्री श्रीमती उइके ने तैयारियों का लिया जायजा

*** अधिक से अधिक जोड़ों से पंजीयन की अपील की।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने गुरूवार को मंडला जिले के ग्राम पंचायत टिकरवारा में 16 अप्रैल 2025 को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना की तैयारियों का निरीक्षण किया। उक्त कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगमन प्रस्तावित है, जिसके लिए कार्यक्रम स्थल पर व्यापक तैयारियाँ की जा रही हैं। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कार्यक्रम स्थल में विवाह स्थल, मंच व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, पेयजल प्रबंध, पार्किंग व्यवस्था सहित की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विवाह/ निकाह योजना की संपूर्ण तैयारियाँ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कर ली जाए। 16 अप्रैल को ग्राम टिकरवारा में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह/निकाह कार्यक्रम में वर-वधुओं का वैवाहिक/निकाह कार्यक्रम संपन्न किया जायेगा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, एसडीएम नैनपुर श्री आशुतोष ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने बताया कि 16 अप्रैल 2025 को ग्राम पंचायत टिकरवारा में आयोजित मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगमन प्रस्तावित है। ग्राम पंचायत टिकरवारा में आयोजित मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना में जनपद पंचायत मंडला, नैनपुर, नगरपालिका मंडला, नैनपुर और नगर परिषद बम्हनी बंजर सम्मिलित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजनांतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सम्मलित होने वाले जोड़े में से कन्या को 49000 रूपए की राशि का एकाउंट पेयी चैक सहायता राशि के रूप में प्रदान किये जाने का प्रावधान है। साथ ही विवाह कार्यक्रम आयोजन हेतु आयोजक निकाय को 6000 रूपए प्रति जोड़े के मान से राशि प्रदाय की जाती है। इस प्रकार कुल 55000 रूपए प्रतिजोड़े की राशि का प्रावधान है। उपरोक्त निकायों के इच्छुक वर-वधु मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजनांतर्गत संबंधित निकाय में आवेदन निर्धारित दस्तावेजों सहित जमा कर इस योजनांतर्गत सहायता राशि प्राप्त कर सकता है।



### टिकरवारा में विवाह/निकाह योजना की समीक्षा बैठक ली

प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने गुरूवार को ग्राम पंचायत टिकरवारा में मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना के संबंध में समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि 16 अप्रैल 2025 को ग्राम पंचायत टिकरवारा में आयोजित मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगमन प्रस्तावित है, जिसको लेकर सभी अधिकारियों को तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिससे मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना को सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सके। आयोजित बैठक में कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर श्री अरविंद सिंह, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, एसडीएम नैनपुर आशुतोष ठाकुर सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना में वर-वधुओं का चयन कर विवाह/निकाह कार्यक्रम पंडित, काजी, भुमकाओं से संपन्न कराए जायेंगे। उन्होंने विवाह/निकाह स्थल की व्यापक तैयारियां करने के निर्देश दिए, जिससे वर-वधुओं को किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना में पहुंचे आगंतुकों के लिए भोजन, बैठक एवं पेयजल का भी व्यापक प्रबंध करने को कहा। उन्होंने भोजन व्यवस्था बेहतर रखने के निर्देश दिए।

मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना में विद्युत व्यवस्था का भी बेहतर प्रबंध करने को कहा। वर-वधुओं की वेशभूषा का चयन गुणवत्तापूर्वक करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम स्थल में साज-सज्जा, बारात की तैयारियां, शहनाई, बाजे इत्यादि की तैयारियां करने के निर्देश दिए। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कार्यक्रम स्थल में पार्किंग व्यवस्था, सुरक्षा के प्रबंध, टेंट व्यवस्था, भोजन का प्रबंध सहित व्यापक तैयारियां करने को कहा।

मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना में वर-वधु पंजीयन कराकर इस कार्यक्रम का लाभ ले सकते हैं। उन्होंने सभी वर-वधुओं को मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना में पंजीयन कराने के निर्देश दिए। जिससे मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना का लाभ अधिक से अधिक वर-वधु उठा सकें।

# हर मन्नत होती है पूरी बकौरी के नक्खी माता के दरबार में



*** 643 कलश, 101 टोकनी, 35 खप्पर और 2 छत्र की हुई स्थापना।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/बकौरी

जिला मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर दूर बकौरी गांव में स्थित माँ नक्खी माता का दरबार श्रद्धालुओं के लिए एक आस्था का केंद्र बना हुआ है। फूलसागर निवास मार्ग पर स्थित इस मंदिर में दूर-दूर से भक्तों का तांता लगा रहता है। मान्यता है कि यहां जो भी भक्त अपनी मन्नत लेकर आते हैं, नक्खी माता उनकी हर इच्छा पूरी करती हैं। विशेषकर नवरात्र के दौरान, जब भक्तों की संख्या अधिक होती है, यहां का माहौल भक्तिमय रहता है।

मंदिर समिति के सदस्यों के अनुसार, नक्खी माता का इतिहास भी बेहद रोचक और पवित्र है। बताया जाता है कि कई सौ साल पहले जब लुटेरे गांव को लूटने के लिए आए थे, तब एक कन्या ने पहाड़ी से आवाज दी थी और सभी गांव वालों को सतर्क किया था। जिसपर लुटेरों ने कन्या को मारने के लिए दौड़ा, लेकिन जब वह कन्या पत्थर में परिवर्तित हो गई, तो लुटेरों ने गुस्से में आकर उसकी नाक और एक हाथ को काट दिया। तभी से इस देवी को नक्खी माता के नाम से जाना जाने लगा। आजकल नक्खी माता का मंदिर पहाड़ी पर स्थित है और यह एक आकर्षण का केंद्र बन चुका है। पहले यह एक छोटा सा मंदिर था, लेकिन अब यह बड़ा हो गया है और यहां दर्शन करने के लिए लोग विभिन्न राज्यों से आते हैं। भक्तों की श्रद्धा का प्रतीक बने इस मंदिर में हर वर्ष नवरात्रि के दौरान भक्तों द्वारा कलस और जवारे बोए जाते हैं, इस बर्ष माता के मंदिर मे 643 कलश, 101 टोकनी, 35 खप्पर और 2 छत्र की स्थापना की गयी है। नक्खी माता के दरबार में श्रद्धालु अपनी मन्नत पूरी होने पर जवारे बोते हैं, दीपक जलाते हैं और माता को आभूषण चढ़ाते हैं। यह स्थान भक्तों के विश्वास और आस्था का प्रतीक बन चुका है।



### भविष्य से भेंट कार्यक्रम में पहुंचे जनपद सीईओ



**नारायणगंज।** जनपद पंचायत नारायणगंज के एक शाला एक परिसर में भविष्य से भेंट कार्यक्रम में जनपद पंचायत नारायणगंज के मुख्य कार्पपालन अधिकारी गौरी शंकर डेहरिया द्वारा बच्चों को अपना अनुभव बाताकर आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया कार्यक्रम में बच्चों को पुस्तक वितरण एवं उन्हें अच्छे अध्ययन के लिए प्रेरित किया गया बच्चों में काफी उत्साह दिखाई दिया इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत माधोगढ़ की सरपंच श्रीमती हेमलता बरकड़े एवं पूर्व सरपंच एम एस मरावी आर एस बरकड़े रोजगार सहायक सुरेंद्र परस्ते की उपस्थिति रही संस्था एक-शाला एक परिसरके हाई स्कूल माडोगढ़ के प्रिंसिपल अजय कुमार मरावी एवं समस्त स्टाफ की उपस्थिति सराहनी रही एवं पहले कक्षा से हाई स्कूल तक के बच्चे इस कार्यक्रम में शामिल होकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### मनरेगा में ऑनलाइन मजदूरी नहीं मिल पा रही है ऑफलाइन की मांग



**नारायणगंज।** जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुंडा के पोषक ग्राम भालीवाडा में मनरेगा के अंतर्गत निर्माण कर चल रहा है जिसमें 66 मजदूरों का मास्टर निकल गया था ऑनलाइन उपस्थिति के कारण मात्र 6 दिन मे मात्र 25 मजदूरों की उपस्थिति हो पाई है जबकि 396 मानव दिवस होता था इस प्रकार कुंडा में पचासी मजदूर 6 दिन का मास्टर निकला था मार्च 3 दिन की ऑनलाइन मजदूरी उपस्थिति दर्ज हो पाई मजदूरों को समय पर मजदूरी नहीं मिल पा रही है निर्माण स्थल में आने-जाने में मजदूरों का समय खराब हो रहा है मजदूरों को मजदूरी नहीं मिल पा रही है इस कारण मजदूरों ने मांग की है कि हमें ऑफलाइन मजदूर का भुगतान किया जावे जिस समय पर हमें हमारी मजदूरी मिल सके।

**विसंगति** | **दिसंबर 2024 से मार्च 2025 तक भुगतान नहीं मिला है मानदेय।**

# 4 माह से बिना वेतन कार्य कर रहे अतिथि शिक्षक

*** अधिकारी दे रहे आश्वासन पर आश्वासन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/निवास




विकासखंड निवास में अतिथि शिक्षकों ने लंबित भुगतान की मांग करते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी निवास को ज्ञापन सौंपा। बता दें कि निवास ब्लाक में अतिथि शिक्षकों को दिसंबर 2024 से मार्च 2025 तक भुगतान नहीं मिला है। मानदेय न मिलने के कारण अतिथियों को आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अतिथियों ने बताया कि लगातार हम सबके द्वारा अध्यापन कार्य करवाया जा रहा है। पूर्व में अतिथियों द्वारा इस विषय में ध्यानाकर्षण कराया गया था। भुगतान न होने की स्थिति में अतिथि शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त हैं। अतिथि शिक्षकों ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुनील दुबे को ज्ञापन सौंपते हुए कहा है कि अगर मानदेय नहीं मिलता तो हम आंदोलन करने मजबूर होंगे। इसके साथ ही अतिथि शिक्षकों का कहना है कि हमें चार माह का पूरा भुगतान दिया जाए। जानकारी के अनुसार लम्बे समय से मानदेय न मिलने की स्थिति में एक-एक माह का मानदेय डाल दिया जाता है, जिससे शेष मानदेय के लिए हमें फिर परेशान होना पड़ता है।

### नियमित शिक्षकों को समय पर वेतन तो हमें क्यों नहीं?

निवास ब्लाक में 150 से अधिक अतिथि शिक्षक कार्यरत हैं। जिसमें वर्ग-1, वर्ग-2 सहित वर्ग-3 में शिक्षक कार्यरत हैं लगातार मानदेय न मिलने के कारण उन्हें परिवार के लालन-पालन में भी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। अतिथियों का कहना है कि मानदेय न मिलने के कारण कई प्रकार की मानसिक समस्याएं भी हो रही हैं। मंडला जिले के जितने विद्यालय आदिम जाति कल्याण विभाग के अंतर्गत आते हैं उनमें कार्यरत अतिथि वेतन के लिए तरस रहे हैं। अतिथि शिक्षकों का कहना है कि जब विभाग नियमित कर्मियों को समय से वेतन देता है तो हमारे लिए हमेशा बजट की कमी क्यों होती है। ज्ञात हो कि नियमित शिक्षकों को हर माह पहले सप्ताह में पेमेंट हो जाती है। निवास ब्लाक के कई विद्यालय तो ऐसे भी हैं जो केवल अतिथियों के भरोसे चल रहे हैं।

### इनका कहना है:-

*जैसे ही आवंटन आता है समस्त अतिथि शिक्षकों के मानदेय का भुगतान तुरंत कर दिया जाएगा।*

**-सुनील दुबे,**
**विकासखंड शिक्षा अधिकारी, निवास**



खबर संक्षेप

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने पक्षियों के लिए लगाया मिट्टी का सकोरा



**डिंडौरी** । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अमरपुर इकाई के कार्यकर्ताओं के द्वारा महाविद्यालय अमरपुर में पक्षी मित्र अभियान एसएफडी गतिविधि के माध्यम से ( सेल्फी विथ सकोरा ) अभियान चलाया गया। जिसमें मुख्य रूप से अमरपुर महाविद्यालय परिसर, पुलिस चौकी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सीएम राइज विद्यालय, आजीविका परियोजना, ग्राम पंचायत कार्यालय आदि विभिन्न स्थानों पर मिट्टी का सकोरा लगाया गया। जिससे इस गर्मी में पक्षियों को पानी मिल सके। इस दौरान नगर मंत्री खुश्बू बर्मन, पूर्व नगर अध्यक्ष जयदीप दुबे, पूर्व कार्यकर्ता संस्कार चंद्रौल, महाविद्यालय अध्यक्ष सेवंथ परस्ते, आर.के.एम. प्रमुख मोनिका पड़वार, नगर छात्रा प्रमुख प्रेमसखी, कीड़ा प्रमुख ज्योति आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल स्त्रोतों की सफाई एवं जीर्णोद्धार का हो रहा कार्य

**अनूपपुर** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत 30 मार्च से 30 जून तक जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित खेत, तालाब, अमृत सरोवर, परकोलेशन टैंक, डगवेल, तालाब जीर्णोद्धार, जनभागीदारी के कार्य, कूप एवं बाउंड्री मरम्मत के कार्य किए जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रमुख उद्देश्य जनभागीदारी से जल संरक्षण तथा संवर्धन सुनिश्चित करना है। इसी क्रम में कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा के मार्गदर्शन में अभियान के तहत नगर परिषद डूमरकछार के वार्ड नं. 02 में स्थित स्टॉप डैम में जलीय खरपतवार की साफ-सफाई का कार्य किया गया।

## गेहूँ उपार्जन के लिये किसान 9 अप्रैल तक करा सकते हैं पंजीयन

**अनूपपुर**। शासन द्वारा किसानों के हित में रबी विपणन वर्ष 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये पंजीयन की अवधि 9 अप्रैल तक बढ़ा दी गई है। पूर्व में पंजीयन की अवधि 31 मार्च 2025 तक निर्धारित की गई थी। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जिला आपूर्ति अधिकारी ने जिले के किसानों से आग्रह किया है कि जिन किसानों ने अभी तक पंजीयन नहीं करवाया है, वे 9 अप्रैल तक गेहूँ उपार्जन के लिये पंजीयन जरूर करायें।

## नरेगा की अकुशल मजदूरी दर में हुई वृद्धि 1 अप्रैल से प्रभावशील

**अनूपपुर**। भारत सरकार, ग्रामीण विकास मंत्रालय की अधिसूचना सं. 1445, नई दिल्ली, 27 मार्च 2025 अनुसार महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत अकुशल श्रमिकों को प्रदाय मजदूरी दर में संशोधन किया गया है। उक्त अधिसूचना अनुसार मध्यप्रदेश में महात्मा गांधी नरेगा योजनांतर्गत अकुशल हस्त कर्मकारों की प्रतिदिन मजदूरी की दर 261/- रूपये निर्धारित की गई है। यह मजदूरी दर दिनांक 1 अप्रैल 2025 से प्रभावशील हो गई है।

# कलेक्टर नेहा मारव्या ने तलब की वाटर शेड परियोजना अंतर्गत कराये गए कार्यों की लोकेशन फोटोग्राफ, अपूर्णता पाए जाने पर नपेंगें जिम्मेदार..?

## कलेक्टर सभागार में वाटरशेड विकास घटक 2.0 की समीक्षा बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।



कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने कलेक्टर सभागार में वाटरशेड विकास घटक- प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 की समीक्षा बैठक ली। जिसमें बताया गया कि जिले में वाटरशेड विकास घटक-प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के तहत जल संरक्षण और कृषि उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न परियोजनाएँ स्वीकृत की गई हैं। इस योजना का उद्देश्य जल संचयन, भूमि सुधार और आजीविका के साधनों को सुदृढ़ करना है।

### डिंडोरी जिले में 2021-22 में स्वीकृत हुई 4 वाटरशेड विकास परियोजनाएँ

वाटरशेड विकास घटक-प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के तहत डिंडौरी जिले में वर्ष 2021-22 में कुल 4 परियोजनाएँ स्वीकृत की गई हैं। इन परियोजनाओं का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण, कृषि सुधार, और ग्रामीण विकास को बढ़ावा देना है।

### परियोजना के प्रमुख उद्देश्यः

समुदाय की भागीदारी से जल संरक्षण, जल संचयन और बंजर भूमि के विकास को बढ़ावा। चेक डैम, नाला बंधान, स्टॉप डैम, तालाब निर्माण सहित जल संचयन के विभिन्न कार्य। कृषक उत्पादक संगठन का गठन और उत्पादन प्रणाली का उन्नयन। स्व-सहायता समूहों का गठन, जिससे अनुसूचित जाति/जनजाति, सीमांत किसानों और महिलाओं को आत्मनिर्भरता मिलेगी। योजना के तहत जल संसाधनों का सही उपयोग सुनिश्चित कर कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी और किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा।

### स्वीकृत परियोजनाओं का विवरणः

डिंडौरी विकासखंड में 2 परियोजनाएँ स्वीकृत की गईं, जिनका कुल क्षेत्रफल 13,235 हेक्टेयर है। बजाग विकास खंड में 2 परियोजनाएँ (क्रमांक-02 और 03) स्वीकृत हुईं, जिनका कुल क्षेत्रफल 12,250 हेक्टेयर है। इन परियोजनाओं में कुल 38 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है।

### योजना का उद्देश्यः

जल संसाधनों का उचित प्रबंधन कर कृषि उत्पादन में वृद्धि। ग्राम पंचायतों के विकास के लिए आधुनिक सिंचाई और जल संरक्षण तकनीकों का उपयोग। किसानों को अर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए जल संचयन और कृषि सुधार की दिशा में कार्य। इस योजना से जिले में कृषि क्षेत्र में बड़ा सुधार देखने को मिलेगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। डिंडौरी जिले में 'वाटरशेड विकास घटक-प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0' के तहत बड़े स्तर पर जल संरक्षण कार्य वाटरशेड विकास घटक-प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के तहत डिंडौरी जिले में बड़े पैमाने पर जल संरक्षण और कृषि सुधार के कार्य किए जा रहे हैं। इस योजना के अंतर्गत 22,000 हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न जल प्रबंधन और कृषि सुधार गतिविधियाँ संचालित की गई हैं।

### प्रमुख उपलब्धियाँ

अब तक 1213.48 हेक्टेयर भूमि में जल संरक्षण गतिविधियाँ पूरी की जा चुकी हैं। 884.79 हेक्टेयर क्षेत्र में कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए आवश्यक सुधार कार्य किए गए हैं। जल संरक्षण और सिंचाई के लिए 166.65 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। कुल 21 स्वयं सहायता समूहों का गठन कर ग्रामीण महिलाओं और किसानों को स्वावलंबी बनाया जा रहा है।

### योजना के प्रमुख बिंदुः

33 ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण और कृषि सुधार कार्य, किसानों को आधुनिक सिंचाई तकनीकों से जोड़ने का प्रयास, जल संसाधनों का सतत उपयोग सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न जल प्रबंधन तकनीकों का प्रयोग। वाटरशेड अधिकारी ने बताया कि वृक्षारोपण कार्य -24, पहाडी में पानी संरक्षित कार्य -87, मिट्टी का कटाव रोकना -96, तालाब-डेम -44, खेत तालाब -289, चेक डेम -11, परकोलेशन तालाब -3 पूर्ण किए जा चुके हैं। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने वाटरशेड के द्वारा बनाए गए तालाब, नहर, खेत तालाब, चेक डेम, वृक्षारोपण का लोकेशन के फोटोग्राफ प्रतिवेदन चाहा ताकि मैं जाकर निरीक्षण कर सकूं। किसी प्रकार की अपूर्णता पाई जाने पर संबंधित अधिकारी, सहायक यंत्री, निर्माण एजेंसी पर कार्यवाही की जाएगी। और किन किन हितग्राहियों को आपके द्वारा लाभान्वित किया है उनकी सूची प्रस्तुत करने को कहा। उक्त बैठक वाटरशेड अधिकारी स्टीफन इक्का, आदित्य खत्रे, इंदरजीत सिंह, खिलेन्द्र पटले, राजकुमार चन्द्रवंशी, मनोज तिरोले, कृषि विभाग से नंदकिशोर पवार सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



## भगवान राम पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले को गिरफ्तार करने की मांग

**डिंडौरी**। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल डिंडौरी के कार्यकर्ताओं के द्वारा पुलिस अधीक्षक से भगवान राम पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने को वाले के खिलाफ कार्रवाई करने मांग पत्र दिया गया। जिसमें उल्लेख किया गया है कि जॉय स्कूल विजय नगर जबलपुर के संचालक हिंदू के आराध्य भगवान श्रीराम जी के आपत्तिजनक टिप्पणी की गई और इन्हीं टिप्पणी को ईसाई समुदाय से आने वाले लोगों ने शेयर किया जिसका विरोध विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के द्वारा शांतिपूर्वक स्कूल में प्रदर्शन किया जा रहा था वहाँ पर भी इसी प्रकार से कार्यकर्ताओं को उकसाने एवं अपशब्दों का प्रयोग स्कूल प्रबंधन के द्वारा किया गया जब विरोध ज़्यादा बड़ा तो पुलिस के द्वारा वहाँ पर सभी को अलग-अलग कराया गया । प्रभु राम के ख़िलाफ़ आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले अखिलेश मैबन के ख़िलाफ़ प्रथम सूचना रिपोर्ट विजय नगर जबलपुर थाने में दर्ज की गई है, जिसमें अभी तक गिरफ्तारी नहीं की गयी है ।

# भाजपा की मण्डल कार्यशाला सभी मण्डलों में सम्पन्न

डिंडौरी ।



भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा के निर्देशानुसार, संभागीय प्रभारी व प्रदेश महामंत्री कविता पाटीदार, व जिला प्रभारी गिरीश द्विवेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष चमरू सिंह नेताम के मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी मण्डल की कार्यशाला सम्पन्न हुई। इसी तारतम्य मे जिला कार्यालय डिण्डौरी मे मण्डल डिण्डौरी की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के पूर्व सभी मंचासीन अतिथियों ने भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के तेलीय चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यशाला प्रांरभ की गई। मण्डल अध्यक्ष आशीष वैश्य ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को ज्ञात है कि हमारे वर्ष के 6 कार्यक्रम मे से एक है भाजपा स्थापना दिवस एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती हम सभी को हर्षोउल्लास के साथ इन दोनो कार्यक्रम को मतदान केन्द्र मे मनाना है। हम सभी को हर मतदान केन्द्र मे कार्यकर्ताओं के घरों मे झण्डा फहराकर एक सेल्फी लेकर सोशल मीडिया में अपलोड करना है। वहीं पंकज सिंह तेकाम ने कहा कि हम सभी को भाजपा स्थापना दिवस के साथ साथ डॉ. अम्बेडकर जयंती को लेकर हर मतदान केन्द्र मे मनाना है जिसके लिए मण्डल से एक एक प्रभारी नियुक्त करना है ताकि यह कार्यक्रम प्रत्येक मतदान केन्द्र मे हो सकें। वरिष्ठ नेता राजेन्द्र प्रसाद पाठक ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन हम सभी भारतवासियों के लिए गर्व का विषय है कि हमारे दोनो सदनों मे बक्फ बोर्ड संशोधन के समर्थन मे बिल पास हुआ है जिससे अब देश की अवैध व अनैतिक कार्यो पर लगाम लेगी एवं सरकार की मंजूरी लेना अनिवार्य होगा। वहीं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेन्द्र सिंह राजपूत ने कहा कि हमें 06 अप्रेल को स्थापना दिवस पर बूथ पर समस्त प्राथमिक सदस्यों को एकत्रित कर भारत माता, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करना एवं प्रभारी को भारतीय जनता पार्टी विचार के बारे मे अवगत कराना है,साथ ही कुछ रचनात्मक कार्य करना है। कार्यक्रम के समापन पर सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने बक्फ बोर्ड संशोधन बिल पास होने पर आतिशबाजी कर एक दूसरे को मिठाई वितरण कर खुशिया मनाई। उक्त बैठक का संचालन मण्डल महामंत्री भागीरथ उरैती व आभार मण्डल महामंत्री चन्द्रशेखर नायक ने व्यक्त किया। बैठक मे पूर्व विधायक दुलीचंद उरैती, नगर परिषद अध्यक्षs सुनीता सारस, उपाध्यक्ष सारिका नायक, वरिष्ठ नेता वीरेन्द्रबिहारी शुक्ला, गंगाप्रसाद तिवारी, अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष महेश धुमकेती, अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष परसराम नागेश, जिला कार्यालय मंत्री पुनीत जैन, मण्डल उपाध्यक्ष नंदकिशोर उचेहरा, मोहन सिंह राठौर, हरिहर पाराशर, अवधेश नागेश, राजेन्द्र परमार, व्रिजेन्द्र दीक्षित, तरूण ठाकुर, वंदना मानिकपुरी, श्यामलाल साहू, बोधराम सरैया, उदयभान सिंह, मनोज सिंह मरावी, रामसिंह मरावी, झामसिंह, चंद्र सिंह, चेतराम मार्को, गोपालदास बघेल, शांतनु पाठक, शिवदयाल इटोरिया, प्रेमसिंह धुर्वे, सहित पदाधिकारी व कार्यकर्तागण मौजूद रहें।

## कलेक्टर ने निर्माण कार्यों एवं मनरेगा की कार्ययोजना की ली समीक्षा बैठक



**डिंडौरी**। कलेक्टर मारव्या ने कलेक्ट्रेट सभागार में निर्माण कार्यों एवं महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) की वित्तीय वर्ष 2025-26 की प्रस्तावित कार्ययोजना की समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अनिल कुमार राठौर, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा दीपक आर्मो सहित सभी जनपद पंचायत सीईओ, सहायक उपयंत्री, उपयंत्री एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर मारव्या ने मनरेगा के तहत खेत तालाब, नाडेप, कपिलधारा, कैटलसेड, ग्रेवल रोड, चेकडैम, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, शासकीय भवन निर्माण, ग्राम पंचायतों में सड़क किनारे वृक्षारोपण, सीसी रोड, तालाब और खेल मैदान निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वृक्षारोपण के लिए 30 मई तक सभी चिन्हित स्थानों पर गड्ढे तैयार कर लिए जाएं, ताकि पौधों की वृद्धि सुगमता से हो सके। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि समय-सीमा में वृक्षारोपण की तैयारी पूरी न करने वाले सहायक यंत्री, उपयंत्री एवं सचिवों का वेतन रोका जाएगा। इसके अलावा 15 जून से वृक्षारोपण कार्य प्रारंभ होगा और यदि किसी जनपद पंचायत क्षेत्र में पौधे सूखते हैं, तो संबंधित अधिकारी-कर्मचारी के वेतन से उतने दिनों की कटौती की जाएगी, जितने पौधे नष्ट होंगे।

कलेक्टर मारव्या ने सभी जनपद पंचायत सीईओ को निर्देश दिया कि वे चिन्हित स्थानों का निरीक्षण कर खेत तालाब एवं अन्य जल संरक्षण कार्यों को 30 मई तक पूर्ण कर लें, जिससे बारिश के समय जल संग्रहण सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में अधिकारियों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता एवं समयबद्धता बनाए रखने के निर्देश भी दिए।

## राज्यपाल के नाम मनरेगा की मजदूरी एवं सामग्री की राशि दिलाने कलेक्टर को दिया ज्ञापन

डिंडोरी।

डिंडौरी जिला आदिवासी बाहुल्य है जहाँ लोगों के लिए मजदूरी एक बहुत बड़ा रोजगार का माध्यम भी है देखा जा रहा है वित्तीय वर्ष 2024-25 से जिले भर के मजदूरों को उनकी मनरेगा मजदूरी नही दी गई है जिससे पूरे जिले भर के हितग्राहियों को जीवन यापन करना भारी पड़ रहा है इसी विषय को लेकर पूर्व कैबिनेट मंत्री कांग्रेस विधायक ओमकार सिंह मरकाम ने राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौपते हुए कहा कि जिले भर में मनरेगा योजना से सभी विकासखण्डों के मजदूरों की राशि 57 करोड़ 71 लाख 65 हजार 267 रुपये व मेटों की मानदेय की राशि 1 करोड़ 2 लाख 98 हजार रुपये व सामग्री की राशि 18 करोड़ 1 लाख 66 हजार रुपये होती है जिसका कुल योग 76 करोड़ 76 लाख 29 हजार रुपया वर्ष 2025के 31 मार्च अंतिम तिथि तक लंबित है जो आज दिनांक तक उन मजदूरों को नही दिया गया है जबकि मनरेगा योजना का नियम है कि 15 दिवस के



अंदर मजदूरी भुगतान की जाए सही समय पर मजदूरो की मजदूरी न मिलना खेद का विषय है जिससे जिले के सभी 7 विकासखंडों केडिंडोरी में मनरेगा मजदूरी राशि - 17 करोड़ 92 लाख 2 हजार ,समनापुर में - 6 करोड़ 55 लाख 7 हजार ,बजाग में - 11 करोड़ 5 लाख 73 हजार रुपये,करंजिया में - 6 करोड़ 14 लाख 22 हजार रुपये,अमरपुर में - 9 करोड़ 32 लाख 9 हजार रुपये,मेहंदवानी में - 9 करोड़ 5 लाख 4 हजार रुपये,शाहपुरा में - 16 करोड़ 72 लाख 11 हजार रुपयेकी राशि का भुगतान नही किया गया है जिससे हाहाकार की स्थिति मची हुई है ।उन मजदूरों का जीवन जीना दूभर हो रहा है साथ ही अनेको समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है साथ ही पूरे प्रदेश के सभी जिलों में लगभग 8 हजार 298 करोड़ 72 लाख एवं मेटों के 390 करोड़ 6 लाख 68 हजार रुपये व सामग्री का 850 करोड़ 37 लाख 55 हजार भी आज दिनांक तक लंबित है पूरे प्रदेश में मजदूरों के परिवारों को उनकी मजदूरी की राशि न मिलने से भारी समस्याओं से गुजरना पड़ रहा है लगातार इस विषय को लेकर कॉग्रेस विधायक द्वारा सदैव विधानसभा भोपाल में भी उठाया जाता रहा है विधायक द्वारा जिले एवं प्रदेश के मजदूरों की आवाज हमेशा समय समय पर बुलन्द की जाती रही है आगे ओमकार सिंह ने भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि मेरे इन गरीब परिवारों की मेहनत की गई राशि अगर 10 दिवस के अंदर नहीं दी जाएगी तो पूरे जिलेभर में और प्रदेश में धरना प्रदर्शन आंदोलन कर भूख हड़ताल की जाएगी जिसकी जिम्मेदारी मध्यप्रदेश सरकार की होगी ।

## आगामी कार्यक्रमों को लेकर भाजपा की कामकाजी बैठक संपन्न

**अनूपपुर**। भाजपा कार्यालय अनूपपुर में 3 अप्रैल को संगठन की कामकाजी बैठक संपन्न हुई। संगठन की कामकाजी बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने कहा कि संगठन के द्वारा दिए गए कार्यों को हम सभी को मिलकर प्राथमिकता के आधार पर करना है। आजीवन सहयोग निधि, मंडल कार्यकारिणी का गठन एवं 6 अप्रैल को भाजपा का स्थापना, दिवस 14 अप्रैल को डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती जैसे कार्यक्रम को प्राथमिकता के आधार पर हमें करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भाजपा के नीतियों को संगोष्ठी के माध्यम से जनता के बीच हमें अपनी बात रखनी है, पहले क्या स्थिति थी और भाजपा सरकार आने के बाद हमारे देश और प्रदेश में क्या परिवर्तन हुए हैं यह आज के युवा पीढ़ी को बताने की आवश्यकता है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत को नई दिशा दे रहे हैं और हमारा देश प्रगति के पद पर आगे बढ़ रहा है। कामकाजी बैठक को मध्य प्रदेश के कोल विकास पर प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल ने संबोधित करते हुए कहा कि आज परिस्थितियों हमारे अनुकूल हैं हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा चलाई जा रही तमाम योजनाओं की जानकारी जनता के बीच लेकर पहुंचे हम अपने सिद्धांतों को आम जनता तक पहुंचने के लिए कार्य करें। उत्साहवर्धन के साथ हमें अपने कार्य को पूर्ण करना है। संगठन आज युवाओं को मौका दे रही है कार्य करने वाले हर कार्यकर्ता को अवसर मिलेगा। हमें युवा जिला अध्यक्ष के साथ कदम से कदम मिलाकर कार्य करना है और संगठन को आगे गति प्रदान करना है।

# मेकलसुता महाविद्यालय में जनजातीय नायकों के सम्मान में व्याख्यान माला आयोजित

डिंडौरी ।

मेकलसुता महाविद्यालय एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास डिण्डौरी द्वारा जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनजातीय नायकों के जीवन व संघर्ष पर विचार-विमर्श किया गया और उनके योगदान को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि डॉ. लीला भलावी ने अपने उद्बोधन में बताया कि रानी दुर्गावती, कुंवर रघुनाथ शाह, बिरसा मुण्डा, तिलका मांझी सहित कई जनजातीय महापुरुषों ने स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्र निर्माण में अपना अनमोल



योगदान दिया है। विशिष्ट अतिथि रविकांत जी एवं मुख्य वक्ता महेश धूमकेती जी ने भी जनजातीय संस्कृति की महत्ता पर जोर दिया। अध्यक्षता में डॉ. बिहारी लाल द्विवेदी ने मंच पर दीप प्रज्जवलन किया और सभी सम्मानित अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा प्रस्तुत लोकनृत्य, जनजातीय पहनावे एवं प्रदर्शनी ने दर्शकों का आकर्षण बढ़ाया। नोडल अधिकारी डॉ. स्वर्ण तिवारी ने कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए बताया कि यह आयोजन नवयुवकों को जनजातीय विरासत की जानकारी और महत्व से अवगत कराता है। अंत में, विशिष्ट अतिथि ने गीत के माध्यम से राष्ट्रीय एकता एवं जागरूकता का संदेश दिया, और अध्यक्ष ने छात्रों से आग्रह किया कि वे जनजातीय नायकों के साहित्य एवं संस्कृति का अध्ययन करके उसे अपने जीवन में उतारें। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिससे पूरे माहौल में राष्ट्रीय भावना का संचार हुआ।

